संख्या-28/2024/001-418-24-1-2024-18 P-2020

प्रेषक,

प्रभंजन यादव,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 28 मार्च, 2024

विषय:- उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में वित्तीय वर्ष 2023-24 वितरण नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण हेतु पुनर्विनियोजित कर वित्तीय स्वीकृति के निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 का पत्र संख्या–1566/अधि0नि0(वित्त)/वि0प्र0-2/आय-व्ययक 2023-24/436, दिनांक 29 फरवरी, 2024 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुदान संख्या-09 के अन्तर्गत उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशनकारपोरेशन लि0 के लेखाशीर्ष 4801-05-190-12-30 में हो रही बचत की धनराशि रूपये 370,17,00,000/- (रूपये तीन सौ सत्तर करोड़ सत्रह लाख मात्र) को पुनर्विनियोग के माध्यम से (संलग्न बी0एम0-9 प्रपत्र के अनुसार) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन के अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्ष 4801-05-190-08-30 वितरण नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण के मद में स्वीकृत कर आहरित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) जिस मद से पुनर्विनियोग कर रहे हैं, उक्त मद में चालू वित्तीय वर्ष में किसी प्रकार की धनराशि की माँग नहीं करेंगे तथा स्वीकृत कार्य पर ही धनराशि व्यय करेंगे।

(2) जिस मद में पुनर्विनियोग प्रस्तावित है उक्त मद में प्रस्तावित धनराशि का नियमानुसार सदुपयोग इस वित्तीय वर्ष में कर लिया जाएगा।

(3) प्रस्तावित पुनर्विनियोग केवल बजट आवंटन के उद्देश्य से धनराशि की उपलब्धता हेतु किया जा रहा है। इसका व्यय समस्त सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए करेंगे।

(4) पुनर्विनियोग की जाने वाली धनराशि का सदुपयोग वित्तीय वर्ष में न करने एवं उसके फलस्वरूप होने वाले आडिट आपत्ति हेतु निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 उत्तरदायी होंगे।

(5) किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता का उत्तरदायी निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 का होगा।

(6) स्वीकृत धनराशि व्यय किए जाने के पूर्व वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 17 मार्च, 2023 एवं समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

(7) उक्त स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष केवल उतनी ही धनराशि आहरित की जाएगी, जिसका उपभोग दिनांक 31 मार्च, 2024 तक हो सके तथा अवमुक्त की जा रही धनराशि के आहरणोपरान्त उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

(8) प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु कारपोरेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रपत्र संख्या-42जी/शुद्ध पत्र संख्या-426, दिनांक 13 जुलाई, 1971 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाकर प्रतिहस्ताक्षर हेतु ऊर्जा अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(9) प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर संख्या, आहरण की तिथि, लेखाशीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ/प्रयागराज और ऊर्जा विभाग तथा वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

(10) उक्त प्रस्तर- 1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

(11) प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशिके व्यय के सापेक्ष आगामी किश्त /भौतिक से पूर्व वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण उपलब्ध कराया जायेगा।

(12) वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 17 मार्च, 2023 की शर्तों/दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(13) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-7/2023/बी-1-479/दस-2023-231/2023, दिनाँक 01 अगस्त, 2023 की व्यवस्था के अन्तर्गत योजना में केन्द्रांश वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राप्त करना सुनिश्चित किया जायेगा तथा उक्त शासनादेश की समस्त शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 3,70,17,00,000 (रुपये तीन अरब सत्तर करोड़ सत्रह लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20232024 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 009 लेखा शीर्षक 4801051900800 उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को वितरण नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण हेतु अंशपूंजी मानक मद 30 निवेश/ऋण के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-10-183-X-2023-24-दिनांक:22-3-2024 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

प्रभंजन यादव
अनु सचिव।

संख्या-28/2024/001-418(1)-24-1-2024-18 P-2020, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001
2- प्रधान महालेखाकार,(लेखा परीक्षा)-प्रथम, 15 ए, दयानन्द मार्ग, सिविल लाइन, प्रयागराज-211001
3- कार्यालय प्रधान महालेखाकार(लेखापरीक्षा-।।), उ0प्र0, आडिट भवन, टी0सी0-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ गार्ड बुक।

आज्ञा से,

प्रभंजन यादव
अनु सचिव।